***प्रेस नोट दिनाँकः- 21.07.2022 थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर***

***थाना लोटन पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार।***

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में व श्री प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री देवनन्दन उपाध्याय, प्रभारी निरीक्षक थाना लोटन के नेतृत्व में संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने एवं शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए एनबीडब्लू वारण्ट की कार्यवाही के अन्तर्गत 01 अभियुक्त को दिनांक 21.07.2022 को समय करीब 13.00 बजे गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-***

1. राधेश्याम पाण्डेय पुत्र अर्जुन पाण्डेय साकिन भुसौला माफी थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर ***गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम का विवरण-***

1.उ0नि0 श्री रवीन्द्र यादव थाना को0 लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

2. का0 अश्वनी कुमार गौड थाना को0 लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

3. का0 पंकज यादव थाना को0 लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

*प्रेस नोट दिनांक- 21-07-2022*

*पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा महिला थाना में नव-निर्माणाधीन महिला हास्टल का किया निरीक्षण।*

आज दिनांक 21-07-2022 को श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जनपद के महिला थाना परिसर में महिला आरक्षियों के रहने हेतु बन रहे महिला हास्टल का निरीक्षण किया गया तथा महिला हास्टल तक आने-जाने हेतु बन रहे लिंक रोड के निर्माण कार्य में तेजी लाने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

*प्रेस नोट दिनांक 21-07-2021*

*पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर में जन-प्रतिनिधिगण ( मा0 सांसद / विधायक व उनके प्रतिनिधिगण) के साथ जनपद में कानून व्यवस्था के संदर्भ में गोष्ठी का आयोजन।*

आज दिनांक 21-07-2021 को श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा पुलिस लाइन्स सिद्धार्थनगर के सभागार कक्ष में जनपद के माननीय सांसद विधायक व उनके प्रतिनिधिगण से व्यक्तिगत रूप से समन्वय स्थापित कर जनपद में अपराध नियंत्रण, शान्ति एवं कानून व्यवस्था आदि विषयों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें माननीय विधायक श्री विनय वर्मा, श्रीमती सैय्यदा खातून, श्री जय प्रताप सिंह व श्री एस0पी0 अग्रवाल (सांसद प्रतिनिधि), श्री सोनू यादव (इटवा विधायक प्रतिनिधि), श्री उपेन्द्र सिंह (जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि) आदि मौजूद रहे।

***प्रेस नोट दिनांक 21.07.2022 थाना  कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर***

***कपिलवस्तु पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।***

श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश  पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्री  सुरेश चंद्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर  व  श्री  प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री सूर्यप्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष थाना कपिलवस्तु के नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 66/2022 धारा 363/366 भा0द0वि0  व 16/17 पोक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त एजाज अहमद पुत्र निजामुद्दीन निवासी नोनहवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

एजाज अहमद पुत्र निजामुद्दीन निवासी नोनहवा थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर

***गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-***

01.उ0नि0 श्री किशोरीलाल चौधरी थाना कपिलवस्तु

02.का0 धीरज मौर्य थाना कपिलवस्तु

***प्रेस नोट दिनांक- 21.07.2022 थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर***

***थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।***

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन में, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, श्री बलजीत कुमार राव, प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 21.07.2022 को चाँद मोहम्मद पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी बिलवट थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर के विरुद्ध  मु०अ०स० 44/2022 धारा 376 ipc का अभियोग पंजीकृत किया गया था,जिसमे अभियुक्त फरार चल रहा था बिवेचना के क्रम में लगातार दबिश के उपरांत मुखबिर की सूचना पर ग्राम बिलवट से पहले मलंग चौराहा पर समय र 09:05 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

***गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-***

01. चाँद मोहम्मद पुत्र अब्दुल जब्बार साकिन बिलवट थाना पथरा जनपद सिद्धार्थ नगर

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-***

01.  प्रभारी निरीक्षक श्री बलजीत कुमार राव

02. उ0नि0 श्री सत्यदेव प्रसाद

03. का० अनुपम मौर्या

04. का० पवन कुमार सिंह

05. का० मंजीत यादव

थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर

*प्रेस नोट दिनांक- 21.07.2022 थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर*

*थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।*

श्री अमित कुमार आनंद, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन, श्री राणा महेंद्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में, श्री दीपक कुमार, थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 21.07.2022 को चिल्हिया पुलिस

द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-  101/22 धारा 376,120बी  भा.द.वि. व 3(2)V SC/ST ACT का  वांछित अभियुक्त सौरभ विश्वास को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।
*गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-*
सौरभ विश्वास पुत्र मनोज कुमार पुत्र  निवासी मुशहरी थाना चिल्हिया  जनपद सिद्धार्थनगर
*पुलिस टीम का विवरण-*
01- व0उ0नि0 नंदा प्रसाद
02. कां0 ललित कुमार

*प्रेस नोट दिनांक 21-07-2021*

***अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना पथरा बाजार के ग्राम गौरी पाठक में ग्राम प्रहरी के साथ चाय पर चर्चा की गयी।***

आज दिनांक 21-07-2021 को श्री अमित कुमार आनन्द, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशानुसार श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री अजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा थाना पथरा बाजार के ग्राम गौरी पाठक में नियुक्त ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद के निवास पर पहुंचकर उनसे चाय पर चर्चा की गई। चर्चा में ग्राम प्रहरी के कार्यो को और ज्यादा बेहतर बनाए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया तथा अच्छे कार्य के लिए ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद को पुरस्कृत भी किया गया।

सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर व अजय कुमार श्रीवास्तव  क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज द्वारा ग्राम गौरी पाठक थाना पथरा बाजार के ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद के निवास पर पहुंचकर उनसे चाय पर चर्चा की गई। ग्राम प्रहरी के  कार्य को और बेहतर बनाए जाने हेतु विचार विमर्श किया गया। अच्छे कार्य के लिए ग्राम प्रहरी तौलू प्रसाद को पुरस्कृत भी किया गया।